फिल्म मणिकर्णिका के निर्देशक

कृष ने कंगना के बारे में

किया बड़ा खुलासा



हाल ही में रिलीज हुई कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका को दर्शकों से वैसे तो जम कर सराहना मिली लेकिन वहीं फिल्म से जुड़े कुछ ऐसे लोग भी हैं जो बेहद नाराज हैं। आइए जानते हैं कुछ बड़ी बातें।

कंगना रनौत और उनका विवादों से संबंध कुछ इस तरह हो गया है कि अब अगर उनकी फिल्म आए और विवाद ना हो तो ऐसा लगता है जैसे उनकी फिल्म प्रमोशन में कुछ कमी सी रह गयी है। हाल ही में रिलीज हुई कंगना की फिल्म मणिकर्णिका को दर्शकों से वैसे तो जम कर सराहना मिली लेकिन वहीं फिल्म से जुड़े कुछ ऐसे लोग भी हैं जो बेहद नाराज हैं। वैसे तो फिल्म अपने शुरुआती समय की शूटिंग से ही विवादों में थी, कभी अभिनेता सोनू सूद के फिल्म से अचानक बाहर होने को लेकर तो कभी फिल्म के निर्देशक कृष का फिल्म छोड़ देने पर। यह फिल्म सिर्फसुर्खियाँ बटोरती रही लेकिन सभी गलत वजहों को लेकर। अब जबकि फिल्म बड़े पर्दे पर आ चुकी है ऐसे में फिल्म के सह-निर्देशक कृष का कंगना से मनमुटाव भी खुल कर सामने आने लगा है। हाल ही में निर्देशक कृष ने एक वेबसाइट को खुल कर इंटरव्यू देते हुए बताया कि कैसे फिल्म को लेकर कंगना ने तानाशाही चलाई है। उनका कहना है कि फिल्म में कंगना सब कुछ खुद ही करना चाहती थीं। वे किसी भी अन्य किरदार को हावी नहीं होने देना चाहती थीं, इसीलिए उन्होंने बाकी किरदारों की भूमिकाएं छोटी करवा दीं। यही वजह थी कि सोनू सूद ने भी यह फिल्म छोड़ दी क्योंकि उनका किरदार १०० मिनट से ६० मिनट का करा दिया गया था।

कृष ने इंटरव्यू के दौरान और भी खुलासे करते हुए कहा कि श्फिल्म जून में ही पूरी एडिट हो चुकी थी। डबिंग भी सिर्फकंगना के किरदार के अलावा सभी की पूरी हो गई थी। कंगना लंदन में श्मेंटल है क्याष् फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थीं। जब वे वापस लौटीं और फिल्म देखी तो बोलीं उन्हें फिल्म पसंद आई, लेकिन वे उसमें छोटे-मोटे बदलाव करना चाहती थीं। इसके कुछ दिन बाद कंगना बोलीं इसका ज्यादा है, उसका ज्यादा है। इस लड़की का किरदार दमदार लग रहा है, उसका दमदार लग रहा। इसका कम करना, है वो चेंज करना है। उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर कमल जैन को भी फिल्म पसंद नहीं आई।

कृष ने आगे कहते हुए बताया कि वे फिल्म के कुछ हिस्से को दोबारा शूट करने के लिए राजी हो गए जिसमें तकरीबन 6 दिन का समय ही लगना था और उसमें कंगना की भी जरूरत नहीं थी। इसके बाद कंगना अचानक सोनू के किरदार सदाशिव राव को इंटरवल में ही मारने की जिद करने लगीं। जो कि पूरी तरह से इतिहास के खिलाफथा। कृष ने कहा कि जब ये बात प्रोड्यूसर कमल जैन के सामने आई तो उन्होंने भी कंगना का समर्थन करते हुए कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है, वही करो जो फिल्म के हित में हो। कमल जैन ने कंगना का पक्ष लिया। इसके बाद जब कृष ने इस पार्ट को डायरेक्ट करने से इंकार कर दिया तो कमल जैन ने कहा कि इसे खुद कंगना डायरेक्ट करेंगी। कृष ने बताया कि सोनू सूद का किरदार कंगना ने १०० मिनट से कटवा कर ६० मिनट का करा दिया, जाहिर है कि इसके बाद कोई भी फिल्म नहीं करना चाहेगा। जबकि वे 35 दिन की शूटिंग कर चुके थे। इतना ही नहीं कंगना ने अन्य किरदारों को भी एडिट कराकर छोटा करवा दिया था।

बता दें कि रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर आधारित फिल्म मणिकर्णिका शुक्रवार 25 जनवरी को रिलीज हुई है। पहले ही दिन में फिल्म ने 9 करोड़ कि कमाई की है। वैसे कंगना की फिल्म को कभी भी विवादों से कोई हानि नहीं हुई है, बल्कि उनकी फिल्मों ने और ज्यादा धूम ही मचाई है। अब देखना ये है कि आने वाले समय में मणिकर्णिका कितने रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब होती है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सलमान का नया फैमिली ड्रामा

ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर के साथ फिर हाथ मिलाया!

रिपोर्ट की मानें तो काफी दिनों से गलियारों में ये खबरें थी कि सलमान खान और सूरज बड़जात्या जल्द ही एक्शन ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे है। इसी पर अब डायरेक्टर सूरज बड़जात्या खुल कर बात की।

सलमान खान और सूरज बड़जात्या की जोड़ी को बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर जोडियों में से एक माना जाता हैं। सलमान खान और सूरज बड़जात्या की मैने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचा चुकी हैं और अब एक बार फिर इन दोनों की जोड़ी नये फैमिली ड्रामे के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने की प्लानिंग कर रही हैं। रिपोर्ट की मानें तो काफी दिनों से गलियारों में ये खबरें थी कि सलमान खान और सूरज बड़जात्या जल्द ही एक्शन ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे है। इसी पर अब डायरेक्टर सूरज बड़जात्या खुल कर बात की और सलमान खान के साथ अगली फिल्म में काम करने की खबरों को कंफर्म कर दिया।

डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने इस मुद्दे पर बात करते हुए बताया की ये खबर एकदम सही है कि वो सलमान खान के साथ एक फिल्म करने वाले हैं लेकिन ये एक्शन फिल्म नहीं बल्कि बिल्कुल वैसी ही फिल्म होगी जैसी कि राजश्री प्रोडक्शन्स बनाता है। यानी की पारिवारिक फिल्म। एक इंटरव्यू की खास बातचीत में सूरज बड़जात्या बताया की श्मैंने सलमान के साथ शुरुआती आइडिए को डिसक्स किया है। ये एक पारिवारिक फिल्म होगी न कि एक्शन फिल्म। इसमें वो सभी जरुरी चीजें होंगी जो हमेशा हमारे बैनर के तहत बनी फिल्मों में होती है।

इमोशन्स, ड्रामा और बहुत सारा संगीत। ये एक संतोषजनक फिल्म होगी। लेकिन अभी मैं अपने छोटे बेटे अविनाश के करियर पर ध्यान दे रहा हूं। वो जल्दी ही अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे। मैं जब स्क्रिप्ट के साथ तैयार हो जाउंगा, सलमान ने मुझे विश्वास दिलाया है कि वो भी मेरे साथ काम करेंगे।श अब देखना ये होगा की सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म किस कहानी को लेकर आती हैं। आपको बता दें की अभी सलमान खान ने इस खबर पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी हैं।